## महत्वपूर्ण एवं खास

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर (आरएनएस)।** शिवानंद नगर खमतराई में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सोहन साहू 27 वर्ष शिवानंद नगर खमतराई का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 25 सी 5832 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### एकाउंटेंट ने 6 लाख से अधिक रकम का किया गबन, जुर्म दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** गुढियारी स्थित महावीर स्कूल के महिला एकाउंटेंट ने स्कूल की फीस 6 लाख 17206 रुपए का गबन कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विरेन्द्र महेश्वरी 56 वर्ष गुढियारी पड़ाव का रहने वाला है। प्रार्थी का गुढियारी में महावीर स्कूल है। जिसमें आरोपिया सविता साहू 24 वर्ष एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत है। बताया जाता है कि आरोपिया सविता बच्चों की स्कूल फीस 6 लाख 17206 रुपए को बैंक में जमा ना कर स्वयं उपयोग कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### 51.87 करोड़ की लागत से होगा जनजातीय एवं सांस्कृतिक सम्मेलन केंद्र का विकास

**रायपुर (आरएनएस)।** नया रायपुर अपने गतिशील और जीवंत माहौल के लिए जाना जाता है, जिसमें खुदरा केंद्र, मल्टीप्लेक्स सिनेमा, भोजनालय, विविध शहरी गतिविधियां और अवकाश (आराम के) स्थल शामिल हैं। यह शहर आगे की सोच रखता है, अपने हित के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का लाभ उठाता है। इसका शहरी परिदृश्य सौंदर्य की दृष्टि से सुखद है और शहरी सौंदर्य एवं भूनिर्माण के सिद्धांतों के अनुरूप बनाया गया है। नया रायपुर सदियों पुरानी परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित करते हुए अत्याधुनिक तकनीक को एकीकृत करता है, जिससे मानवता और प्रकृति के बीच अंतर्निहित सहजीवी संबंधों के साथ-साथ क्षेत्र के प्रचुर प्राकृतिक और सांस्कृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। परियोजना का उद्देश्य मौजूदा रायपुर शहर को भीड़भाड़ से मुक्त करना है, जो पहले से ही 40 लाख लोगों को सेवाएं दे रहा है। इसलिए, एक नया शहर होने के कारण नया रायपुर में एक भीड़भाड़ रहित पर्यटन स्थल की आवश्यकता है, ताकि पर्यटन के लिए एक नया गंतव्य बनाया जा सके। परियोजना की अवधारण एवं औचित्य:छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक लग्जरी कन्वेंशन सेंटर, अवकाश और व्यावसायिक यात्रियों दोनों को एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगा। यह प्रतिष्ठान अत्याधुनिक सुविधाओं को स्थानीय संस्कृति और आतिथ्य के साथ जोड़ेगा, जिससे आगंतुकों को एक समृद्ध, यादगार अनुभव मिलेगा। हवाई अड्डे के पास और रायपुर के प्रमुख आकर्षणों और व्यावसायिक केंद्रों के पास रणनीतिक रूप से स्थित, यह लग्जरी कन्वेंशन सेंटर अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों, कॉर्पोरेट समूहों और इवेंट आयोजकों सहित मेहमानों आदि को सेवाएं प्रदान करेगा। परियोजना के घटक: परियोजना के घटकों में 51.87 करोड़ रुपये की लागत से सिविल कार्य और स्थल का विकास शामिल हैं। पीपीपी परियोजनाएं नॉन-एसी, एसी बसों की खरीद, खिलौना संग्रहालय, सरकारी होटल, वरण्य फ्लोटिंग लोटस अभयारण्य, स्नो वल्ड, डिजिटल संग्रहालय, रेस्तरां और कैफेटेरिया पर केंद्रित हैं।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले के हितग्राहियों को वितरित किए विभिन्न योजनाओं की सहायता राशि व उपकरण

**रायगढ़**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज एक दिवसीय रायगढ़ प्रवास के दौरान जिले के विभिन्न हितग्राहियों को सहायता राशि व उपकरण प्रदान किए। उप मुख्यमंत्री अरूण साव व वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी भी इस दौरान उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 35 हितग्राहियों को पूर्ण आवास का प्रमाण-पत्र वितरित किए। इसी श्रम विभाग के तहत मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना अंतर्गत आरती कुमार चन्द्रा को 2 लाख 50 हजार रुपये एवं सुकवारा यादव को 01 लाख रुपये प्रदाय किया गया। इसी तरह मुख्यमंत्री सियान सहायता योजना अंतर्गत दयाराम, कदरा उरांव को 2-2 लाख रुपये तथा मुख्यमंत्री नोनी सशक्तियोजना सहायता योजना अंतर्गत कु.निशा सिदार को 2 लाख रुपये की राशि प्रदाय किया गया। खाद्यान्न सहायता योजना अंतर्गत 5 हितग्राहियों का बीपीएल कार्ड बनाया गया। इनमें मीनू लहरे, रेशमा सिंदुर, नीलम केरकेट्टा, चांदनी कुमार एवं कल्पना सिदार शामिल है।

राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत 4 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इनमें उमेश चौहान को 93 हजार 200 रुपये, मनोज मिरी को 93 हजार 200 रुपये तथा लीलाम्बर पटेल एवं ज्योत्सना पटेल को 70-70 हजार रुपये प्रदाय किया गया। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत कुमारी पवन कुमार राठिया को ब्रेलकीट एवं पोखराज राठिया को एमआरकीट प्रदाय किया गया। किसान समृद्धि योजना अंतर्गत 5 हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। इनमें गोपीनाथ पंडा को नलकूप खनन पर अनुदान 10 हजार रुपये की राशि प्रदाय किया गया। इसी तरह ललित कुमार गुप्ता एवं अंजनी कुमार डनसेना को 35-35 हजार रूपये, गोपाल साहू एवं केसरलाल यादव को सिंचाई पाइप पर अनुदान हेतु 9-9 हजार रुपये प्रदाय किया गया।

मछली पालन सहायता योजना अंतर्गत परसादो सिदार एवं शिवकुमार को आईस बॉक्स तथा विजय चौहान को जाल का वितरण किया गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 हितग्राही छबिला चौहान, तुलसी चौहान, हेमलता साहू, अशोमती साहू एवं राजकुमारी पटेल का आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया। किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत 4 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इनमें श्याम लाल को 15 हजार 400 रुपये तथा गणेशराम, बोधराम एवं जगजीवन को 10-10 हजार रुपये की राशि दी गई। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा विभाग अंतर्गत संचालित सौर सुजल योजना के तहत जनकराम सिदार, कन्हैया पटेल एवं ललित कुमार यादव को 3 एचपी/डीसी सबमर्सिबल पम्प प्रदाय किया गया। 5 स्कूली विद्यार्थियों का जाति प्रमाण-पत्र एवं 5 विद्यार्थियों का निवास प्रमाण-पत्र बनाया गया। इसी तरह दिव्यांग सहायता योजना के तहत खुशी नायक, लता खडिया, रंजनी साहू, चंपा साहू को श्रवण यंत्र एवं बबली विश्वकर्मा को बैसाखी प्रदाय किया गया। 5 हितग्राहियों को तसर विकास विभाग योजना के तहत लाभान्वित किया गया। इनमें ललित गुप्ता को 93 हजार, विष्णु को 69 हजार 500 रुपये, मिथीला प्रधान को 59 हजार 300 रूपये तथा फुलमती सारथी को 59 हजार 300 रुपये प्रदाय किया गया।

पीएमईजीपी योजना अंतर्गत वेंकट सांई प्रसाद को कम्प्यूटर सर्विस के 4 लाख 75 हजार रुपये तथा विकास यादव को ऑटो पार्ट्स के लिए 6 लाख 30 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। राष्ट्रीय ग्रामीण मिशन बिहान के तहत 5 हितग्राहियों को राशि प्रदाय किया गया। स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत व्यक्ति शौचालय के 5 पात्र हितग्राही को प्रमाण-पत्र दिया गया।

## महाप्रभु जगन्नाथ के प्रति जितना स्नेह ओडिशा के लोगों में है उतना ही अनुराग छत्तीसगढ़ में भी : मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री रायगढ़ में आयोजित उत्कल ब्राह्मण समाज के सम्मेलन में हुए शामिल
- उत्कल ब्राह्मण समाज के भवन के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा

**रायगढ़**



सार्वजनिक जीवन में अच्छा कार्य कर रहे समाज के लोगों को जब सम्मान मिलता है तो न केवल उन्हें अच्छा महसूस होता है अपितु समाज के बहुत से लोगों को प्रेरणा मिलती है और वे उनके आदर्शों के अनुरूप चलने का प्रयास करते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज रायगढ़ में आयोजित उत्कल ब्राम्हण सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि उत्कल ब्राह्मण समाज ने समाज की विभिन्न विभूतियों के सम्मान का कार्यक्रम रखा है। यह बहुत अच्छी पहल है। उन्होंने इस मौके पर रायगढ़ में उत्कल ब्राम्हण समाज के भवन निर्माण के लिए 50 लाख रूपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उत्कल ब्राह्मण समाज के सम्मेलन के अवसर पर अनेक विभूतियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि रायगढ़ मेरी कर्मभूमि रही है। उत्कल ब्राह्मण समाज के अनेक सदस्य मेरे अच्छे मित्र रहे हैं। मेरे सुख-दुख में सहभागी रहे हैं। उनसे सामाजिक गतिविधियों की जानकारी होती रहती है। सामाजिक सम्मेलन के माध्यम से वे प्रगतिशील विचारों को बढ़ावा देते हैं। यही वजह है कि उत्कल ब्राह्मण समाज के लोग सार्वजनिक जीवन के हर क्षेत्र में बेहतर मुकाम पर हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढिय़ा संस्कृति और ओडिशा की संस्कृति में बहुत सी बातें मिलती-जुलती हैं। महाप्रभु जगन्नाथ के प्रति जितना स्नेह ओडिशा के लोगों में है उतना ही अनुराग छत्तीसगढ़ में भी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार के लिए शिक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता में है। आज ही हमने रायगढ़ में 42 करोड़ रुपए की राशि से बनने वाले नालंदा परिसर का भूमिपूजन भी किया। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ज्ञान आधारित समाज स्थापित करना चाहते हैं और इसके लिए बहुत जरूरी है कि हम युवाओं को उच्चस्तरीय शिक्षा व्यवस्था प्रदान करें। इसके साथ ही हमने रायगढ़ जिले में 137 करोड़ रुपए के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया है। इन कार्यों से रायगढ़ जिले की सूरत और भी निखरेगी।

कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने भी संबोधित किया। चौधरी ने उत्कल ब्राह्मण समाज के भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए दिए जाने की घोषणा की। सम्मेलन में रायपुर उत्तर विधायक और उत्कल ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा ने उत्कल ब्राह्मण समाज सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के पहुंचने पर स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर उत्कल ब्राह्मण समाज के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर ग्राम बरडाड के जामटोली में बदला गया ट्रांसफार्मर

- बिजली आपूर्ति पुन: हुई बहाल, ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

**जशपुरनगर । आरएनएस**

मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर नारायणपुर के समीप बरडाड पंचायत के जामटोली में खराब हुए ट्रांसफार्मर को बदलकर बिजली आपूर्ति पुन: बहाल कर दी गई है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित होने के संबंध में आवेदन दिया था। कैंप कार्यालय के निर्देश पर आज तत्काल ट्रांसफार्मर बदल दिया गया है। जशपुर हाथी विचरण क्षेत्र होने की वजह से मुख्यमंत्री श्री साय के द्वारा बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के द्वारा बगिया में खोले गए मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्या आने पर इसका तत्काल समाधान किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। ग्रामीणों ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## 6 दिसम्बर से जिला स्तर युवा उत्सव का आयोजन

- सभी विकासखण्ड पर होगा आयोजन

**रायपुर । आरएनएस**

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस भी युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह 06 दिसम्बर से 10 दिसम्बर तक होगा जो सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन आरंग, अभनपुर, तिल्दा, धरसींवा में किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के 15 से 29 वर्ष के युवा शामिल हो सकते हैं।

युवा उत्सव में लोकनृत्य सामूहिक, लोकगीत सामूहिक, लोकर्नतय व्यक्तिगत, लोकगीत व्यक्तिगत, कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तृत्व कला या तत्कालिक भाषण कविता, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, टेक्सटाईल, कृषि उत्पाद, तथा रोकबैंड भी इत्यादि विघा शामिल होगें। राक बैंड सिर्फ जिला और राज्य स्तर पर होगा। यह 06 दिसम्बर को अभनपुर विकासखंड में दावड़ा इंटरनेशनल स्कूल अभनुपर, धरसींवा में इन्द्रप्रस्थ स्टेडियम परसतराई आरंग में आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, तिल्दा मे मीडिल स्कूल ग्रांउड तुलसी नेवरा में होगा।

विकासखण्ड स्तरीय स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कलाकार जिला स्तरीय एवं जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कलाकार/ प्रतिभागी राज्यस्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने के लिए पात्र होंगे। पंजीयन हेतु श्री दयानंद देवांगन- 9302160384, श्री विकास यादव - 9584618747, श्री छत्रधारी सोनकर- 9399277220, जयप्रकाश टण्डन- 9575619122, 87770668542. मोबाइल नंबर पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## 20 लीटर अवैध महुआ शराब और बाइक जब्त, आरोपी गिरफ्तार

- जूटमिल पुलिस की शराब रेड कार्रवाई

**रायगढ़**



रायगढ़ पुलिस के अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में जूटमिल पुलस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर जूटमिल थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में सोमवार को 20 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। शराब की तस्करी में इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई है।

जानकारी के अनुसार, 2 दिसंबर के शाम पेट्रालिंग के दौरान जूटमिल थाना प्रभारी को सूचना मिली कि ग्राम नेतनागर का निवासी निर्मल साव (19) अवैध महुआ शराब लेकर मोटरसाइकिल (बजाज CT क्रमांक CG 13 UG 4711) से जूटमिल की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने गढ़उमरिया स्थित केआईटी कॉलेज के सामने मुख्य सड़क पर नाकेबंदी की। कुछ ही देर में संदिग्ध युवक को रोका गया और तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल की टंकी के ऊपर प्लास्टिक बोरे में छिपाकर रखी गई करीब 20 लीटर महुआ शराब बरामद हुई।

आरोपी के पास शराब परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं थे, नोटिस देकर विधिवत अवैध शराब बरामद की, जिसकी कीमत लगभग 4,000 रुपये है। शराब और तस्करी में प्रयुक्त वाहन को जब्त कर आरोपी निर्मल साव के खिलाफ थाना जूटमिल में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत मामला दर्ज किया गया।

इस कार्रवाई में निरीक्षक मोहन भारद्वाज के साथ एएसआई राजेंद्र पटेल, आरक्षक तरूण महिलाने, सुशील यादव और नरेश रजक शामिल रहे।

## 40 हजार में बेचा पिस्टल, गिरफ्तार

**बलरामपुर-रायपुर । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के शंकरगढ निवासी कृषक व उपसरपंच पर गोली चलाने की घटना में एक और गिरफ्तारी हुई है। घटना में प्रयुक्त पिस्टल 40 हजार रुपये में बिक्री करने वाले आरोपित ग्राम नवाडीह थाना पाटन पलामू निवासी अभिषेक तिवारी (30) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में शामिल चार आरोपितों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। जमीन संबंधी पुराने विवाद पर किसान को गोली मारी गई थी। शंकरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परेवा निवासी वासुदेव यादव (55) पर 19 अक्टूबर की शाम बाइक सवार युवकों ने गोली मारी थी। घटना के समय वे टमाटर के खेत से बाइक से लौट रहे थे। किसान को तत्काल अस्पताल में भर्ती किया गया था। वासुदेव यादव को गोली मारने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने कुछ दिनों में ही पिस्टल उपलब्ध कराने व वारदात को अंजाम देने में सहयोग करने वाले दो-दो सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में जमीन विवाद की रंजिश में गोली मारने की बात सामने आई थी।पुलिस ने शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम परेवा निवासी सुकेश यादव ( 22) ,ग्राम गिरजापुर निवासी संतोष पैंकरा उर्फ बोखा (25) ,उसके बड़े भाई विश्वनाथ पैंकरा (28) तथा झारखंड के डाल्टनगंज सिंचाई कॉलोनी निवासी अश्विनी चौबे (28) को गिरफ्तार कर उनके पास से घटना में प्रयुक्त पिस्टल, चार खाली कारतूस, एक मैग्जीन, दो जिंदा कारतूस, दो बाइक व एक मोबाइल जब्त किया था।आरोपितों को जेल भेजने के साथ पुलिस की जांच जारी थी। पुलिस जांच में पता चला था कि आरोपितों को अभिषेक तिवारी ने पिस्टल उपलब्ध कराया था। सुकेश यादव, संतोष पैकरा, अश्विनी चौबे ने डाल्टेनगंज में आरोपित अभिषेक तिवारी से संपर्क कर 40 हजार में पिस्टल खरीदा था। आरोपित अभिषेक तिवारी को 20 हजार रुपये नकद दिया गया था। शेष 20 हजार रुपये आनलाइन ट्रांसफर किया गया था। आरोपित अभिषेक तिवारी के विरूद्ध धारा 25,27 आम्र्स एक्ट की कार्रवाई की गई है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## पीजीएम में एचआईवी संक्रमितों की संख्या पहुंची 252, नशीले इंजेक्शन से संक्रमण फैलने की आशंका

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही । आरएनएस**




जिले में एड्स (HIV) संक्रमित मरीजों की संख्या बढक़र 252 तक पहुँच गई है, जो स्वास्थ्य विभाग के लिए चिंता का विषय बन गई है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, बीते नवंबर माह में ही 8 नए HIV पॉजिटिव मरीज मिले हैं, और यह संख्या छोटे से जिले में चौंकाने वाली है। इनमें जनरल मरीजों के अलावा ऐसे कम उम्र के युवा भी शामिल हैं, जो इंजेक्शन के माध्यम से नशा करते हैं और HIV पॉजिटिव पाए गए हैं।

बता दें कि दुनिया की सबसे खतरनाक बीमारियों में से एक है एड्स (HIV)। बीते दिन अंतरराष्ट्रीय विश्व एड्स दिवस भी मनाया गया था, जिसमें एड्स से बचने के उपायों पर चर्चा की गई, जैसे असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित खून का इस्तेमाल आदि के विषय में जानकारी जिला अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा कार्यक्रम के जरिए उपलब्ध कराई गई थी।

HIV रामेश्वर शर्मा ने बताया कि जिले में HIV पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा 250 के पार पहुँच गया है, जो काफी चिंता का विषय है। हम लगातार इस संक्रमण को फैलाने से रोकने के उद्देश्य से काम कर रहे हैं। बीते 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस पर हमने इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया था, ताकि लोग इससे डरे नहीं बल्कि खुद भी जागरूक हो और दूसरे लोगों की मदद के लिए आगे आए। अगर कोई एड्स से संक्रमित है तो उसे भेदभाव नहीं होना चाहिए।

उन्होंने बताया कि HIV का ट्रीटमेंट उपलब्ध है और हमारे पास भी इसकी व्यवस्था है। हम लोगों की काउंसलर के माध्यम से काउंसलिंग कर रहे हैं। लोगों को यह जानना जरूरी है कि किसी बीमारी को छिपाने से उसका इलाज संभव नहीं है, उन्हें निश्चिन्त होकर जांच कराना चाहिए।

मामलों में वृद्धि के लिए नशीली दवाओं के दुरुपयोग को जिम्मेदार ठहराते हुए अजरा खान ने बताया कि इन 8 मरीजों में से 4 मरीज सामान्य हैं और अन्य 4 को इंजेक्शन की वजह से HIV हुआ है। उन्होंने बताया कि इंजेक्शन से HIV फैलने के मुख्य तौर पर दो कारण होते हैं, इनमें से पहला कारण संक्रमित व्यक्ति की सुई किसी दूसरे पर इस्तेमाल करने पर और दूसरा इंजेक्शन से नशीली दवाओं का सेवन है।